सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 177 | इंदौर, शनिवार 11 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# लाड़ली बहनों के खाते में कब आएगी नए साल की पहली किस्त?

## इन्हें भी पांच हजार देगी सरकार, बन रही योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार जातियों- गरीब, युवा, महिला और किसान के विकास और उत्थान का विजन दिया है। इस पर पर काम करते हुए प्रदेश सरकार मकर सक्रांति पर महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। महिलाओं के जीवन में सशक्तता लाने, आर्थिक स्थिति मजबूत करने और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। इस बार लाड़ली बहना योजना की राशि 12 जनवरी को शाजापुर जिले के काला पीपल में आयोजित कार्यक्रम में बहनों के खाते में भेजी जाएगी।



### महिला श्रमिकों को 5 हजार का इंसेटिव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि रेडीमेड गारमेंट समेत कई प्रकार के उद्योगों में महिला श्रम आधारित रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रति महिला श्रमिक 5 हजार रुपये का इंसेटिव देने की योजना बनाई जा रही है। रेडीमेड गारमेंट पर आधारित अलग अलग प्रकार के कारखाने खुलने जा रहे हैं। इनमें से कुछ कारखानों की शुरुआत भी हो चुकी है जिनमें महिला श्रमिकों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपने संकल्प पत्र में जो वादे किए उन्हें हम पूरा कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से महिलाओं के लिए बेहतर योजना लेकर आ रहे हैं।

### जीवन में नया बदलाव आए

सीएम यादव ने कहा कि युवा शक्ति मिशन के जरिए प्रदेश सरकार युवाओं की भी बेहतरी के लिए अभियान शुरू करने जा रही है। हमारा प्रयास है कि युवा, महिला, गरीब किसान के जीवन में नया बदलाव आए। सरकार की योजनाओं के बलबूते पर निश्चित रूप से प्रदेश की तस्वीर बदलेगी।

### पूर्व सीएम कमलनाथ ने सरकार पर बोला था हमला

इधर, लाड़ली बहना योजना से महिलाओं के नाम काटे जाने को लेकर कांग्रेस सरकार पर हमलावर है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधा है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा- लाड़ली बहनों से सीएम मोहन यादव सरकार की धोखाधड़ी जारी है। ऐसा लगता है जैसे भाजपा लाड़ली बहना योजना समाप्त करना चाहती है। चुनाव से पहले भाजपा ने लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था। लेकिन, अब भाजपा सरकार सम्मान राशि बढ़ाने की जगह लाड़ली बहनों की संख्या घटाने में लगी है।

### योजना को खत्म कर रही सरकार

कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में 1.63 लाख लाड़ली बहनें इस योजना से बाहर कर दी गई हैं। जिन महिलाओं की उम्र 60 वर्ष से अधिक हो गई है, उन्हें योजना से बाहर किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिन महिलाओं की उम्र योजना में शामिल होने के लिए पात्र बन गई है उनका नया पंजीकरण क्यों नहीं किया जा रहा है? सच्चाई यह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार षड्यंत्र रचकर महिलाओं को लाड़ली बहना योजना से बाहर कर रही है और धीरे धीरे इस योजना को समाप्त कर देना चाहती है।

## लिव इन पार्टनर का पहले गला घोंटा फिर 11 महीने शव फ्रिज में छिपाकर रखा

### हैरान कर देगा ये हत्याकांड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास। मध्य प्रदेश के देवास जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। लिव इन में रह रहे पार्टनर ने अपने साथी के साथ मिलकर महिला की गला घोंटकर लगभग 11 महीने पहले हत्या की और शव फ्रिज में छिपा दिया। इतने महीनों तक शव रखा रहा, पर जब आसपास बदबू फैलने लगी तक पुलिस तक मामला पहुंचा और दिल दहला देने वाले मामले से पर्दा उठ सका।**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को देवास पुलिस को सूचना मिली कि वृंदावन धाम कॉलोनी में एक घर से तेज बदबू आ रही है। पुलिस ने घर की जांच की तो फ्रिज से बदबू आने का अंदेशा हुआ, अंदर देखा कि फ्रिज में लाश पड़ी है।

घर खाली कर भागा आरोपी

बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि मकान मालिक धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने जुलाई 2023 में यह मकान संजय पाटीदार को किराए पर दिया था। संजय ने जून 2024 में मकान खाली कर दिया, लेकिन एक कमरे में अपना कुछ सामान छोड़ दिया था। इसमें एक फ्रिज भी है। मौके पर पहुंचे एफएसएल अधिकारी ने बताया कि महिला का शव काफी पुराना है।

उज्जैन से धराया आरोपी

पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। पड़ोसियों से पूछताछ की। जांच में पता चला कि महिला संजय पाटीदार के साथ लिव इन रिलेशन में रहती थी। उसकी पहचान पिंकी उर्फ प्रतिभा के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपी संजय को भी उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने जो बताया, पुलिस को भी यकीन करना मुश्किल हो रहा था।

### मामूली विवाद में 11 महीने पहले कर दी हत्या

आरोपी संजय ने बताया कि वह पिंकी उर्फ प्रतिभा प्रजापति के साथ करीब पांच साल से लिव इन रिलेशनशिप में था। वह शादी का दबाव बना रही थी और इसे लेकर विवाद करती थी। इसी विवाद में बीते साल मार्च में पिंकी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या में उसका एक साथी विनोद दवे भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने बताया कि आरोपी संजय महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। उससे पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि उसका पिंकी से किसी बात पर विवाद हो गया था, गुस्से में उसने पिंकी की हत्या कर दी।

### शव पड़ चुका था काला

पुलिस जब पहुंची और फ्रिज में शव देखा तो चौंक गई। शव पूरी तरह काला पड़ चुका था। मकान मालिक ने बताया कि संजय कमरे में ताला लगा कर गया था। किराया भी नहीं दे रहा था। बार-बार कहने पर बहाने बना देता था। कभी कहता मेरे ससुर को हार्टअटैक आ गया, तो कभी बताता कि मेरे चाचा का लड़का मर गया। लेकिन लौटा नहीं।

### साथी फरार

पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद का कहना है कि हत्याकांड चौंकाने वाला है। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपी संजय पाटीदार उज्जैन जिले के इंगोरिया का रहने वाला है। उसे टीम भेजकर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उसने अपराध करना कबूल कर लिया। पता चला है कि उसने अपने साथी विनोद दवे के साथ मिलकर पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया है। विनोद दवे राजस्थान के टोंक जिले की जेल में किसी अपराध में बंद है। राजस्थान पुलिस से संपर्क किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा और रिमांड मांगा जाएगा ताकि और भी तथ्य सामने आ सकें। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट में हत्या के कारणों का और स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### मिलावटखोरों के विरुद्ध चल रहे अभियान को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा

# सभी दूध डेयरियों में दूध की गुणवत्ता (फेट) चेक करने की मशीनें लगाना अनिवार्य- फेट मशीन नहीं लगाने पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सख्त हिदायत दी है कि मानव जीवन के लिये असुरक्षित तथा अमानक खाद्य पदार्थों का निर्माण और विक्रय करने वालों को किसी भी हाल में नहीं छोड़ा जायेगा। उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए आपराधिक प्रकरण भी कायम किये जाएंगे। मिलावटखोरों के विरूद्ध संचालित अभियान को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। इंदौर में दुग्ध विक्रय करने वाली सभी डेयरियों में दूध की गुणवत्ता (फेट) चेक करने की मशीनें लगाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में अधिकांश डेयरियों में फेट मशीने लग चुकी है। जिन डेयरियों में फेट मशीन नहीं पाई जायेगी उनके विरूद्ध कार्यवाई की जायेगी।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में यहां खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और समिति सदस्य मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इंदौर जिले में मिलावटखोरों के विरूद्ध चल रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाया जाये। अभियान समग्र रूप से हो, इसके लिये कैलेण्डर बनाकर सेम्पल लेने की कार्यवाही की जाये। हर तरह के खाद्य पदार्थों की जाँच हो। सभी तरह के खाद्य पदार्थ जाँच के दायरे में लिये जाएं। असुरक्षित तथा अमानक खाद्य पदार्थ बनाने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाये। बताया गया कि जिले में एक जनवरी 2024 से लेकर गत दिसम्बर माह तक 127 प्रकरण दायर किये गये। इस अवधि में 188 प्रकरणों में निर्णय हुआ। सभी में दोषसिद्धी पाई गई। एक करोड़ 74 लाख 90 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाकर 94 लाख 83 हजार का अर्थदण्ड वसूल किया गया। इस अवधि में 2 करोड़ 34 लाख 66 हजार रूपये का राजस्व लायसेंस और पंजीयन से प्राप्त हुआ। जिले में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिला ईट राईट चैलेंज प्रतियोगिता में भी शामिल हो रहा है। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ईट राईट चैलेंज प्रतियोगिता के तहत इंदौर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शासकीय और अशासकीय संस्थाओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। यह प्रमाण-पत्र डीपीएस स्कूल, ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, होटल शेरेटन ग्रांड पैलेस, लाइफ कैयर हॉस्पिटल, अंकुर रिहेब सेंटर तथा भूमिका स्व-सहायता समूह परदेशीपुरा को दिया गया। बताया गया कि इंदौर जिला ईट राईट चैलेंज प्रतियोगिता में शामिल हुआ है। उम्मीद है कि इंदौर जिले को देश में पहला स्थान मिलेगा। मिलावट संबंधी जानकारी एकत्रित करने के लिये व्हाट्सएप हेल्पलाईन नम्बर जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति मिलावट संबंधी जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को दे सकते हैं। नगर निगम के एप-311 तथा एक अन्य एप आहार में भी सूचनाएं एकत्रित करने की व्यवस्थाएं की गई है।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि दूध विक्रय करने वाले सभी डेयरियों में दूध की गुणवत्ता चेक करने के लिये मशीनें लगाना अनिवार्य रहेगा। बताया गया कि इस संबंध में कलेक्टर द्वारा गत फरवरी-2024 में दिये गये निर्देशों का प्रभावी रूप से पालन कराया जा रहा है। श्री स्वामी ने बताया कि अभी तक डेढ़ सौ से अधिक डेयरियों में फेट चेक करने की मशीने लग चुकी है। कुछ ही डेयरिया बची है, इनमें भी जल्द ही उक्त मशीने लगवाई जायेंगी। जो डेयरी मशीने नहीं लगायेंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

### इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रही यातायात सुधार की मुहिम

# शहर के अनेक प्रमुख मार्गों से यातायात में बाधक दुकानों के शेड, अतिक्रमण, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गई

◆ फुटपाथ पर रखे सामान भी किए गए जब्त



**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को भी सघन रूप से इंदौर शहर में यातायात को सुगम बनाने जगह-जगह मुहिम चलाकर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस आदि के सहयोग से की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में यातायात में बाधक दुकानों के शेड, अतिक्रमण, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गई। फुटपाथ पर रखे सामान भी बड़ी मात्रा में जप्त किए गए। साथ ही तीन दुकाने भी सील की गई।

उक्त कार्रवाई अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया एवं अपर कलेक्टर श्री ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। झोन क्रमांक 16 के अन्तर्गत कालानी नगर मेन रोड पर कुल 110 दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। यातायात के सुधार एवं सुगमता हेतु नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा दुकानों पर लगे हुए 15 टीन शेड, ओटले तथा फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस संयुक्त कार्यवाही में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा मौर्य , नगर निगम झोनल एवं भवन अधिकारी श्री दीपक गरगटे, भवन निरीक्षक श्री आदित्य तिवारी,सहायक रिमूवल अधिकारी श्री विनीत तिवारी, ट्रैफिक टीआई श्री वीके शुक्ला सहित निगम की टीम एवं यातायात की टीम उपस्थित रही।

इसी तरह झोन क्रमांक 8 के अन्तर्गत भमोरी मेन रोड पर कुल 50 दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। संयुक्त दल द्वारा दुकानों पर लगे हुए 12 टीन शेड, ओटले तथा फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। संयुक्त कार्यवाही में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्याणी पांडे , नगर निगम झोनल अधिकारी श्री जुगल किशोर बारपेटे , सहायक रिमूवल अधिकारी मनोज बेंडवाल , सहायक सीएसआई अमन तिवारी सहित निगम की टीम एवं यातायात पुलिस की टीम उपस्थित थी। बिल्डिंग मटेरियल की दुकानों से अतिक्रमण पर 27 हजार रूपये का अर्थदण्ड कर चालानी कार्यवाही की गई।

इसी तरह झोन-19 के अंतर्गत बंगाली चौराहे से कनाडिया रोड पर फुटपाथ पर किए कब्जे हटाने की कार्यवाही की गई। यह से भी बड़ी मात्रा में अतिक्रमण हटाये गये।

# इंदौर में 14 जनवरी को मनाया जायेगा वेटरंस डे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 जनवरी को वेटरंस डे मनाया जाएगा। यह हमारे प्रथम कमांडर इन चीफ भारतीय सेना फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा के सम्मान एवं उनकी शानदार सेवाओं की याद में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है की फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा ने 1947 में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व किया था एवं देश को विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। फील्ड मार्शल के. एम्. करियप्पा 14 जनवरी 1953 को सेवानिवत्त हुए थे। वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिये यह आयोजन किया जाता है। इस दिन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी इंदौर में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने बताया कि वेटरंस डे के अवसर पर वयोवृद्ध पूर्व सैनिको एवं वीर नारियों का सम्मान भी किया जायेगा। इसके अलावा पूर्व सैनिको, वीर नारियों, विधवाओं एवं आश्रितों की शिकायतों/समस्याओं का निराकरण भी होगा। शासन द्वारा संचालित पूर्व सैनिकों हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनायों की जानकारी भी दी जाएगी। क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों से आग्रह किया गया है की 14 जनवरी 2025 को सुबह 10:45 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी इंदौर में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ लें।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इंदौर-सेंधवा दौरा कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12.35 बजे इंदौर से हेलिकॉप्टर के माध्यम से दोपहर 01. 15 बजे बड़वानी जिले के सेंधवा पहुँचेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुनः दोपहर 3.30 बजें सेंधवा से प्रस्थान कर दोपहर 4.10 बजे इंदौर पहुँचेंगे। इंदौर के कलारिया गाँव में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर 4.25 बजे तथा शाम 5 बजे रेती मंडी में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात शाम 6.05 बजे इंदौर एयरपोर्ट से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मेघदूत चौपाटी पर धरने पर बैठे बच्चे महिलाएं, चौथे दिन भी नहीं आया कोई मिलने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर की मेघदूत चौपाटी पर धरने पर बैठे लोगों से मिलने चौथे दिन भी कोई नहीं आया। कलेक्टर, निगम कमिश्नर और नेताओं के चक्कर काटकर थक चुके दुकानदारों ने धरने पर बैठने का निर्णय लिया लेकिन किसी ने उनकी कोई सुध नहीं ली। चौथे दिन धरने पर बैठे लोगों से अमर उजाला ने बातचीत की और जाना कि वे किस तरह की परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

धरने पर बैठे आनंद मिश्रा ने कहा कि हमारे सब्र का बांध टूटने लगा है। हम मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, कलेक्टर आशीष सिंह और निगम कमिश्नर शिवम वर्मा से कई बार मिल चुके हैं। हर बार हमें आश्वासन दिया जाता है लेकिन होता कुछ नहीं है। थक हारकर हमने धरने पर बैठने का फैसला लिया है और आज चौथा दिन है लेकिन कोई हमने बात तक करने नहीं आया है। आनंद ने कहा कि यहां धरने पर बैठे कई लोगों की परिस्थिति तो इतनी खराब है कि वह अब कुछ भी और काम नहीं कर सकते क्योंकि वे 20 से 30 साल से यहीं पर दुकान लगा रहे हैं।

अमर उजाला से बातचीत में बुजुर्ग महिला अपनी पीड़ा बताते हुए भावुक हो गई। उन्होंने बताया कि उनके पति घर पर बीमार हैं और दिनभर बिस्तर पर रहते हैं। बच्चे और हम मिलकर यहां पर एक दुकान लगाते थे जिससे घर चलता था। हमारी स्थिति बेहद खराब है घर पर खाने पीने और बीमार का इलाज करवाने के लिए भी पैसे नहीं हैं।

### बच्चों के साथ धरने पर बैठी महिलाएं

कई महिलाओं ने बताया कि वे बच्चों को भी लेकर आई हैं क्योंकि बच्चों का स्कूल जाना छूट गया है। स्कूल की फीस नहीं भरी है और घर चलाने का खर्च भी नहीं बचा है। दो महीने से कई लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं।

## गणतंत्र समारोह की तैयारियां प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। तैयारियों की समीक्षा के लिये 13 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

# पार्षद कालरा से मिलने पहुंचे महापौर, बोले- कठोर कार्रवाई होना चाहिए

**इंदौर। शहर में चल रहे दो पार्षदों के विवाद के बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पार्षद कमलेश कालरा से मुलाकात की। वे गुरुवार देर रात कालरा के घर पहुंचे। महापौर ने कहा कि घटना को लेकर परिवार से बात की है। घटना से परिवार पूरी तरह आहत है। वे दोषियों पर सख्त कार्रवाई चाहते हैं। महापौर ने दिलासा दिया है कि सही पक्ष संगठन के सामने रखेंगे।**

मीडिया से बातचीत में महापौर बोले-किसी के भी घर में घुसकर हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस



पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए। घटना वाले और उसके अगले दिन भी मैंने पार्षद कमलेश कालरा से फोन पर बात की थी। उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। महापौर ने कहा कि वायरल वीडियो में मैंने घटना की भयावहता देखी है। ऐसा किसी के साथ नहीं होना चाहिए। पुलिस इस मामले में अब तक 6 को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट दर्ज कर चुकी है। 12 की पहचान की गई है। वीडियो में दिख रहे अन्य दोषियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने कहा एमआईसी की बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा जा चुका है कि जनप्रतिनिधि अगर कोई बात कहे तो उसे गंभीरता से सुनें। नहीं होने जैसा काम है तो उसे शांति से मना कर दें। तालमेल न बैठने पर मुझसे बात करने को भी कहा गया है। यही अपेक्षा जनप्रतनिधियों से भी की जाती है। काम के दौरान मनमुटाव हो तो हम अभद्र भाषा का प्रयोग न करें।

## यादव समाज ने कहा- जीतू यादव नहीं जाटव

इंदौर में चल रहे पार्षदों के विवाद में यादव समाज भी कूद गया है। समाज के नाम से दो दिन से वायरल हो रहे पत्र में कहा गया है कि जीतू यादव जाटव समाज से हैं। वे गौरवशाली यादव समाज द्वारा लिखे जाने वाले सरनेम का अनाधिकृत रूप से दुरुपयोग करते हुए हैं जो बिल्कुल अनुचित और अनैतिक है। वे अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के हैं और आरक्षण का पूरा लाभ ले रहे हैं। इतना ही नहीं एससी के लिए आरक्षित वार्ड 24 से ही चुनाव लड़े हैं। यदि आगे भी ऐसा कोई युवा यादव समाज का सरनेम अनधिकृत रूप से उपयोग करेंगे तो हम कानूनी कार्रवाई करेंगे।अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष सुभाष यादव ने कहा कि हमारी ओर से लेटरपेड पर ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। पत्र की जांच की जा रही है। समाजजनों ने कहा कि म.प्र. के वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी यादव समाज से ही हैं, जिससे यादव समाज का गौरव और अधिक बढ़ा है। इंदौर में भी यादव समाज के लोगों ने शासन प्रशासन, खेलकूद, पहलवानी, राजनीति, व्यापार- व्यवसाय सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी साख और धाक जमा रखी है। जिससे प्रभावित होकर आजकल के कुछ छपरी टाइप के युवा लोग अनाधिकृत रूप से हमारे गौरवशाली यादव समाज के सरनेम 'यादव' का दुरुपयोग करने लगे हैं। ये घुसपैठिए, नकली लोग अपनी आदतों और संस्कारों के वशीभूत होकर उल्टे सीधे काम करके यादव समाज को शर्मसार करने का काम करने लग जाते है और उसी से ये लोग उजागर भी हो जाते हैं।

# कालरा के घर हमला करने वाले आरोपी निगम के कर्मचारी, छिन सकता है यादव का पद

**इंदौर।** पार्षद कालरा और यादव के विवाद को लेकर भाजपा की अंदरुनी राजनीति गरमा गई है। पांच दिनों तक आपसी विवाद मानकर पुलिस और भाजपा संगठन मामले को टालता नजर आ रहा था, लेकिन भाजपा संगठन को लेकर की गई गलत टिप्पणी की कॉल रिकार्डिंग सामने आने के बाद पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई और उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में आरोपियों पर धाराएं भी बढ़ाई गई है। पुलिस घटना में शामिल दूसरे आरोपियों की गिरफ्तारी की तैयारी भी कर चुकी है।

रिकार्डिंग में आवाज जीतू यादव की बताई जा रहा है, हालांकि यादव द्वारा मिले नोटिस के जवाब में कहा है कि रिकार्डिंग की फोरेंसिक जांच होना चाहिए। उधर संगठन को लेकर हुई टिप्पणी को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खुद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर फेसबुक पर पोस्ट अपलोड की। इसके बाद पुलिस का रवैया भी सख्त हो गया। पांच दिनों तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। पुलिस को यह भी पता चला है कि पार्षद के घर हमला करने वाले आरोपियों में से कई नगर निगम के मस्टर कर्मचारी है। पुलिस उनका रिकार्ड भी निकलवा रही है। इसके बाद उनकी नगर निगम से भी छुट्टी हो सकती है।

पार्षदों के बीच आपसी विवाद सामने आने के बाद भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने पार्षद कमलेश कालरा और जीतू यादव को नोटिस भेजे थे। दोनो पार्षदों ने जवाब सौंप दिए। उन्हें भोपाल में प्रदेश भाजपा की अनुशासन समिति के पास भेज दिया है। संगठन चुनाव के कारण अभी मामला रुका है, लेकिन दो दिन में संगठन की तरफ से एक्शन लिया जा सकता है। पार्षद जीतू यादव के एमआईसी मेंबर का पद छिन सकता है, या फिर उन्हें निलंबित भी किया जा सकता है।

पार्षद जीतू यादव अपने समर्थकों के साथ पुलिस मुख्यालय ज्ञापन देने गए थे, लेकिन वहां भाजपा के बड़े नेता व एमआईसी मेंबर नजर नहीं आए। पार्षद कालर के घर हमले के दौरान उनके बेटे को नग्न कर वीडियो बनाने के कारण जीतू यादव की भद्द पिटी है।

# बर्थडे पर हथियार लहराने वाली 'स्मोकिंग लेडी' को जेल

- तलवार से केक काटते हुए वीडियो किया था पोस्ट
- लसूड़िया पुलिस ने आरती चौहान को किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में सोशल मीडिया के गलत उपयोग का एक और मामला सामने आया है। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर हथियारों का प्रदर्शन किया, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। वीडियो में महिला तलवार से केक काटती और उसके साथी तलवार और



चाकू लहराते नजर आ रहे हैं। यह घटना लसूड़िया क्षेत्र के ओमेक्स सिटी इलाके के पास की बताई जा रही है। वीडियो में दिखाई देने वाली महिला खजराना क्षेत्र की निवासी है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है। डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर महिला सहित 6 आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि इस तरह के वीडियो से समाज में गलत संदेश जाता है। हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन कानून के खिलाफ है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरती चौहान सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय और फेमस है। उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर एक लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। वह अक्सर बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती है। गिरफ्तारी के बाद उसके सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा गया, 'आरती लेडी डॉन गिरफ्तार, वाह क्या बात है।' वहीं, दूसरे पोस्ट में लिखा है कि 'आरती इंदौर स्मोकिंग किंग हटाकर लोगों ने नया नाम दिया है लेडी डॉन, जितना मशहूर करना है कर दो'। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन गैरकानूनी है। इंदौर में आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। वहीं, पुलिस इन मामलों में कार्रवाई भी सख्ती से करती है। इसके बावजूद शो करने के चक्कर में लोग गलती कर बैठते हैं।

# नाबालिगों को बना दिया था टीआई ने सट्टे का आरोपी, ली थी परिजनों से रिश्वत

## अब हुआ डिमोशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में टीआई रहते है स्कूली बच्चों को आनलाइन सट्टे में फंसाने वाले थाना प्रभारी का पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने डिमोशन किया है। विजय नगर थाने के प्रभारी रहे रवींद्र गुर्जर को निरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा ब्लैकमेलिंग में शामिल एक एसआई और आरक्षक की वेतनवृद्धि भी रोकी है। मामला पिछले साल का है। विजय नगर थाना क्षेत्र में एसआई संजय धुर्वे ने आनलाइन सट्टा खेलने का आरोप लगाकर कुछ स्कूली बच्चों को पकड़ा था। बच्चे मेघदूत उपवन के बाहर मिले थे। इसके बाद एक बच्चे के परिजन के रिश्तेदारों से दस हजार की रिश्वत भी ली गई थी। इसकी शिकायत पुलिस अफसरों को मिली थी। तब इसकी जांच शुरू हुई थी। जांच में यह भी पाया गया कि अवैध वसूली में थाना प्रभारी रवींद्र गुर्जर भी शामिल है। इसकी जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस आयुक्त को सौंप दी गई थी। तब तत्कालीन पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर का तबादला होने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था, लेकिन अब फिर पुराने केस की फाइल खुली तो दोषी पाए गए तत्कालीन टीआई गुर्जर को एसआई बना दिया गया। तीन वर्ष तक एसआई रहेंगे। इसके अलावा एसआई संजय धुर्वे व सिपाही लोकेंद्र सिंह की एक वेतनवृद्धि रोकी है।

# सीएम आज करेंगे मां नर्मदा प्रतिमा का अनावरण

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम इंदौर आएंगे। वे पश्चिमी रिंग रोड पर बनी मां नर्मदा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री इस चौराहे के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान वे भेड़ाघाट से मां नर्मदा की पूरी यात्रा और उसके अलग-अलग स्वरूपों को दिखाने वाली झांकियों का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे दोपहर 12:35 बजे हेलिकॉप्टर से बड़वानी जिले के सेंधवा के लिए रवाना होंगे। वहां के कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 4:10 बजे वे फिर इंदौर लौटेंगे।

# सरकारी नौकरी के नाम पर छात्रों से धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बंगाली कॉलोनी में एक व्यक्ति ने खुद को सरकारी अफसर बताकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र से लाखों की धोखाधड़ी की। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

दीपचंद्र रायकवार, जो निवाड़ी के ढीकमपुरा का निवासी है, ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की कि उसने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर अनिल रसेनिया से लाखों रुपए का भुगतान किया। दीपचंद्र ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था और सरकारी वेबसाइट पर विभिन्न जॉब्स के लिए आवेदन किया था। मार्च 2024 में उसे एक कॉल आई, जिसमें अनिल ने खुद को सरकारी अफसर बताते हुए कहा कि वह उसे सरकारी या संविदा नौकरी दिलवा सकता है। इसके बाद दोनों की मुलाकात बंगाली कॉलोनी के डिफरेंस सोल्यूशन ऑफिस में हुई, जहां अनिल ने अपना सरकारी अफसर का आईडी कार्ड दिखाया और बताया कि जिला कोर्ट में ऑपरेटर की पोस्ट खाली है, जिसे वह सिलेक्ट करवा सकता है। इसके साथ ही, एक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से डिग्री भी जॉब के लिए बनवाने का वादा किया। अनिल ने इसके लिए 5 लाख रुपए की मांग की। दीपचंद्र ने पहले 10 हजार रुपए दिए और बाकी की रकम किश्तों में देने की बात की। इसके बाद, दीपचंद्र ने दो अकाउंट्स में करीब ढाई लाख रुपए ट्रांसफर किए। जब दीपचंद्र ने जॉइनिंग के बारे में पूछा, तो अनिल ने कहा कि कोर्ट में अभी समय लगेगा। इसके बाद अनिल ने दीपचंद्र से कहा कि वह उसे बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी की जॉब दिलवा देगा। मई 2024 में उसने सागर संभाग का एक लेटर भेजा, जिसमें दीपचंद्र को परियोजना अधिकारी के पद पर नियुक्ति की बात की गई थी। लेकिन फिर अनिल ने इसे टाल दिया। दीपचंद्र ने जब अनिल के ऑफिस पर जाकर ताला लगा पाया, तो उसे पता चला कि अनिल ने पलासिया में 'ब्राइटर फ्यूचर' नाम से नया ऑफिस खोला है। जब दीपचंद्र वहां गया, तो उसे यह समझ में आया कि सारी बातें झूठी थीं। इसके बाद दीपचंद्र ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की, और पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# मकर संक्रांति पर्व महिला सशक्तिकरण पर होगा केन्द्रित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने की युवा शक्ति मिशन, मकर संक्रांति, धान उपार्जन एवं जनकल्याण अभियान की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित करते हुए आयोजित किया जाए। इस अवसर पर लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जनवरी माह की राशि का अंतरण शाजापुर के कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सिंगल क्लिक से किया जाएगा। मकर संक्रांति पर्व जिला स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में महिलाओं को तिल, गुड़, कंगन और सुहाग सामग्री का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय भोपाल में जनकल्याण अभियान, मकर संक्रांति, धान उपार्जन और युवा दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, श्री एस.एन मिश्रा, श्री अनुपम राजन उपस्थित थे। अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि वर्चुअली शामिल हुए। इंदौर से इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में संभागायुक्त कार्यालय से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, आईजी श्री अनुराग शामिल हुए। इसी तरह इंदौर कलेक्टर कार्यालय से जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, डीआईजी श्री निमिष अग्रवाल, विधायकगण श्री रमेश मेंदोला, श्री महेन्द्र हार्डिया, सुश्री उषा ठाकुर, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्री मनोज चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी शामिल हुए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा करते हुए कहा कि शीत लहर को देखते हुए कलेक्टर सुविधा के अनुसार स्कूल समय में परिवर्तन करना चाहें तो तुरंत करें। उन्होंने कहा कि आगामी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए अधिकारी, छात्रों और पालकों के साथ स्कूल ही नहीं कॉलेज स्तर पर भी समन्वय स्थापित करें। आगामी सिंहस्थ की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग के अधिकारी प्रयागराज में महाकुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन करें और देखें कि सिंहस्थ के दौरान हमारे प्रदेश में व्यवस्थित संचालन में वे व्यवस्थाएं किस प्रकार प्रभावशील हो सकती हैं।

## मकर संक्रांति पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति पर्व की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक स्थान पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि 12 जनवरी को शाजापुर के कालापीपल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहनों के खातों में जनवरी माह की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 12 जनवरी से 14 जनवरी के मध्य जनकल्याण शिविरों में मकर संक्रांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## धान का परिवहन करें तुरंत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि मौसम में बदलते हालात को देखते हुए उपार्जित धान को गोदामों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए तुरंत उसका परिवहन करें। उन्होंने कहा कि किसानों को उपार्जित धान के भुगतान के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करें। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने बताया कि प्रदेश में 7.72 लाख पंजीकृत किसानों से 1400 उपार्जन केन्द्रों पर 36.89 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। इसमें से अभी तक 28.01 लाख मीट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है। इसके साथ मिलर्स द्वारा मीलिंग के पश्चात 1.60 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराए गए हैं।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनकल्याण अभियान की सार्थकता तभी है जब आम जनता की कठिनाईयों का त्वरित निराकरण कर सकें। कलेक्टर स्वयं मॉनीटरिंग करें कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभों से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में किए गए कार्यों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराएं, जिससे कार्यों का वास्तविक आंकलन किया जा सके। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने बताया कि 23.013 लाख आयोजित शिविरों में 25 लाख 70 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 87.9 प्रतिशत आवेदन स्वीकृत किए गए। सर्वाधिक आवेदन भोपाल, उज्जैन, सिवनी, बालाघाट, राजगढ़, बैतूल, शिवपुरी एवं दतिया जिले में प्राप्त हुए।

## युवा दिवस पर होंगे गरिमामय कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें। युवा दिवस पर 12 जनवरी को प्रदेश के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ प्राणायाम में भाग लेंगे। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से 10.15 के मध्यम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संदेश एवं सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं एवं प्राणायाम का प्रसारण किया जाएगा। प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उनके व्यक्तित्व से युवाओं को अवगत कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स को कार्यक्रम की मॉनीटरिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## शीत लहर पर करें पुख्ता प्रबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार एवं रैन बसेरे आदि में अलाव की व्यवस्था करें। फुटपाथ एवं खुली जगह पर सोने वालों को किसी सुरक्षित स्थान पर रात्रि विश्राम के लिए भिजवाएं। जिले में आने वाले मुसाफिर एवं गरीब वर्ग का विशेष रूप से ध्यान रखें। शीतलहर से होने वाली सर्दी-खांसी एवं अन्य बीमारियों से बचाव के लिए जिला अस्पतालों में व्यवस्था करें और चिकित्सा शिविर आयोजित करें। इसके साथ ही प्रदेश में एचएमपीवी वायरस के रोकथाम के लिए विशेष सावधानी रखें और बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें।

# मप्र में पूर्व विधायक के घर से 2 मगरमच्छ रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। वन विभाग की टीम ने सागर में भाजपा पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के घर से 2 मगरमच्छ रेस्क्यू किए हैं। वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों मगरमच्छ को मेडिकल जांच के बाद किसी डैम में छोड़ा जाएगा। सागर में बीड़ी और कंस्ट्रक्शन कारोबारी राजेश केशरवानी और पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के ठिकानों पर की गई छापेमारी में आयकर विभाग ने करीब 150 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है।**



टीम को फर्म में साझेदारी करने वाले राठौर के भाई और परिजनों के यहां से बड़ी मात्रा में सोना और कैश मिला था। छापे के दौरान पूर्व विधायक के घर पर 3 मगरमच्छ होने की सूचना मिली। आयकर विभाग ने रविवार को सागर में तीन ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई पूरी हो गई है। जिसमें आयकर ने बड़ी टैक्स चोरी पकड़ी है। साथ ही बेनामी प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी मिले हैं। आयकर विभाग ने इन्हें कब्जे में लेकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। संबंधितों को समन जारी कर बयान लेने की तैयारी की जा रही है। हरवंश सिंह सागर जिले के बंडा से पूर्व विधायक रहे हैं और वर्तमान में भाजपा जिला अध्यक्ष की रेस में शामिल हैं। रविवार सुबह 8 बजे भोपाल से करीब 10 गाड़ियों से आयकर की टीमें सागर पहुंची थीं। हरवंश राठौर के पिता हरनाम सिंह राठौर उमा सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

# जनपद पंचायत अध्यक्ष 9 जिलों से जिलाबदर

### कई थानों में 21 से अधिक मामले हैं दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडौरी।** करंजिया जनपद पंचायत अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे को कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश उनके 22 वर्षों से चले आ रहे अपराधिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। चरण सिंह धुर्वे ग्राम तरेरा का निवासी है, उनके खिलाफ 2002 से लेकर अब तक कुल 21 मामलों में FIR दर्ज हो चुकी है। इन मामलों में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता को धमकाना, मारपीट करना और




शासकीय कार्यालयों में गाली गलौज जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। चार जनवरी को रेत ठेकेदार के कर्मचारियों से मारपीट और गाली गलौज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस पर कड़ी कार्रवाई का दबाव बढ़ा। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने यह आदेश दिया। इस आदेश के तहत चरण सिंह धुर्वे को जिला डिंडौरी सहित पड़ोसी जिलों मंडला, जबलपुर, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल और छत्तीसगढ़ राज्य के गौरेला, पेंड्रा, मरवाही जिलों की सीमा से एक वर्ष के लिए बाहर कर दिया गया है।धुर्वे आदेश का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था अधिनियम की धारा 14 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जंगल में खत्म हुआ कार का पेट्रोल... पुलिस ने पहुंचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** खाकी का दामन कितना भी दागदार हो लेकिन मुसीबत में याद उसी की आती है। अपराध, दुर्घटना ही नहीं मुसीबत के समय भी पुलिस आमजन के बीच पहुंचकर अपना विश्वास गाढ़ा करने में जुटी हुई है। राजस्थान से गुना आ रहे एक परिवार के साथ यही हुआ। आधी रात को सुनसान जंगल के बीच उनकी कार बंद हो गई। पता चला कि पेट्रोल खत्म हो गया। मुसीबत में कुछ समझ में नहीं आया तो मदद के लिए 112 नंबर डायल किया। पुलिस पहुंची और उन्हें पेट्रोल दिलवाकर सकुशल रवाना किया। यह घटना जिले के थाना धरनावदा के अंतर्गत गढ़ा के जंगल में छबड़ा राजस्थान से गुना आ रहे एक परिवार के साथ हुई जब उनकी कार का पेट्रोल खत्म हो गया। परिवार ने पुलिस से मदद मांगी, जिस पर डायल 112 जवानों ने देर रात मौके पर पहुंचकर सहायता कर परिवार को गंतव्य के लिए रवाना कराया। डायल 112 स्टाफ प्रधान आरक्षक अंकित मुदगल तथा पायलेट राजेश मीणा ने मौके पर पहुंचकर बताया कि विनय लोधा अपने परिवार के साथ छबड़ा राजस्थान से गुना आ रहे थे। रास्ते में कार का पेट्रोल खत्म हो गया था। सुनसान रास्ता और जंगल क्षेत्र होने से आसपास से कोई सहायता नहीं मिलने पर विनय लोधा ने डायल 112 पर काल कर मदद मांगी थी। पुलिस अपने एफआरवी वाहन से परिवार के सदस्य को साथ लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंची एवं कार में पेट्रोल डलवाकर परिवार को गंतव्य के लिए रवाना किया। सुरक्षा मुहैया कराने और मदद करने पर विनय लोधा ने पुलिस का आभार माना।

## संपादकीय

# परीक्षा पे चर्चा : 2.79 करोड़ रजिस्ट्रेशन

परीक्षा पे चर्चा 2025 के लिए अभी तक रेकॉर्ड 2.79 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए हैं और अभी यह प्रक्रिया 14 जनवरी तक जारी रहेगी। परीक्षा पे चर्चा का 8वां एडिशन जनवरी के आखिरी हफ्ते में होने की संभावना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों से बात करेंगे और उनके सवालों के जवाब देंगे। पैरेंट्स और टीचर्स के साथ भी संवाद होता है। इस बार रजिस्ट्रेशन का नया रेकॉर्ड बना है, पिछले एडमिशन में यह संख्या 2.26 करोड़ थी और इस बार आंकड़ा 3 करोड़ तक जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह वार्षिक आयोजन परीक्षा से जुड़े तनाव को सीखने और जश्न के पर्व में परिवर्तित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में निरंतर प्रगति कर रहा है। 8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

इसके 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन Mygov.in पर 14 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ और 14 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। मंत्रालय का कहना है कि परीक्षा से तनाव को दूर करने से लेकर छात्रों को सही दिशा दिखाने में यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा है। बोर्ड परीक्षाएं फरवरी 2025 में शुरू होंगी। सातवां एडिशन टाउन हॉल फॉर्मेट में भारत मंडपम में आयोजित किया गया था। परीक्षा पे चर्चा की भावना के अनुरूप 12 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी 2025 (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहन देना और परीक्षाओं को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करना है। इन गतिविधियों में स्वदेशी खेल प्रतियोगिताएं, मैराथन दौड़, मीम प्रतियोगिताएं, नुक्कड नाटक, योग और ध्यान सत्र, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रेरणादायक फिल्मों का प्रदर्शन, मेंटल हेल्थ वर्कशॉप और काउंसलिंग सेशन, कविता/गीत/प्रदर्शन शामिल हैं।



# सिंड्रेला

बहुत पुरानी बात है, कहीं दूर देश में सिंड्रेला नाम की सुंदर लड़की रहती थी। सुंदर होने के साथ-साथ सिंड्रेला बहुत समझदार और दयालु भी थी। सिंड्रेला की मां बचपन में ही गुजर गई थी। मां के गुजरने के बाद सिंड्रेला के पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। अब वह अपने पिता, सौतेली मां और दो सौतेली बहनों के साथ रहा करती थी। सौतेली मां और बहनों को सिंड्रेला बिल्कुल पसंद नहीं थी। उसकी सुंदरता और समझदारी से वे तीनों हमेशा जलती थीं, क्योंकि उसकी दोनों सौतेली बहनों के पास न अच्छी शक्ल थी और न ही अक्ल।

एक दिन की बात है, सिंड्रेला के पिता को किसी काम के लिए बाहर जाना पड़ा। पीछे से सौतेली मां ने सिंड्रेला के साथ बुरा बर्ताव करना करना शुरू कर दिया। सबसे पहले तो उसने सिंड्रेला की खूबसूरत पोशाक उतरवा ली और उसे नौकरानियों वाले कपड़े पहनवा दिए। इसके बाद उन तीनों ने सिंड्रेला के साथ नौकरानी जैसा बर्ताव करना शुरू कर दिया।

वो उससे खाना बनवाते, घर की सफाई करवाते, कपड़े-बर्तन धुलवाते और घर के बाकी सारे काम करवाते। यहां तक कि उन तीनों ने सिंड्रेला का कमरा भी ले लिया और उसे स्टोर रूम में रहने के लिए कह दिया। बेचारी सिंड्रेला के पास उनकी बात मानने के अलावा कोई चारा नहीं था।

आसपास के पेड़ों पर रहने वाले पंछी और स्टोर रूम के चूहों के अलावा, सिंड्रेला का और कोई दोस्त नहीं था। वह दिनभर काम करती और रात में अपने दोस्तों से बात करते-करते सो जाया करती थी।

जिस देश में सिंड्रेला रहती थी, एक दिन वहां के राजा के सिपाहियों ने बाजार में घोषणा की कि राजकुमार की शादी के लिए राजा ने महल में एक समारोह का आयोजन करवाया है। इस समारोह के लिए उन्होंने नगर की विवाह योग्य सभी लड़कियों को आमंत्रित किया है। सिंड्रेला की बहनों ने जैसे ही यह घोषणा सुनी, वे दोनों दौड़ती हुई अपनी मां के पास पहुंचीं और उन्हें सारी बात बताई। उनकी मां के कहा कि इस समारोह में सबसे सुंदर तुम दोनों ही लगोगी। राजकुमार का विवाह तुम दोनों में से किसी एक के अलावा किसी और के साथ नहीं होगा।

इस बात को सिंड्रेला ने भी सुना और उसके मन में भी समारोह में जाने की इच्छा हुई, लेकिन इस बारे में अपनी सौतेली मां से बात करने में उसे बहुत डर लग रहा था।

उसकी सौतेली मां और बहने समारोह में जाने की तैयारी करने लगीं। उन्होंने नए कपड़े सिलवा लिए और नए जूते भी खरीद लिए। वो दोनों हर रोज इस बात का अभ्यास करती थीं कि जब वो राजकुमार से मिलेंगी, तो क्या बात करेंगी और कैसे बात करेंगी।

आखिरकार समारोह का दिन आ ही गया। दोनों बहने समारोह में जाने के लिए बहुत उत्साहित थीं। उन दोनों ने सुबह से ही समारोह में जाने की तैयारी शुरू कर दी थी। सिंड्रेला ने भी अपनी दोनों बहनों की मदद की। अपनी बहनों को पूरी तरह तैयार करने के बाद, सिंड्रेला ने बहुत हिम्मत जुटाई और अपनी सौतेली मां से पूछा कि मां, अब मैं भी विवाह योग्य हो गई हूं, क्या मैं भी समारोह में जा सकती हूं? यह सुन कर वे तीनों जोर-जोर से हंसने लगी और कहा, "राजकुमार को अपने लिए पत्नी चाहिए, नौकरानी नहीं।" यह कह कर वो तीनों वहां से चली गईं।

उनके जाने के बाद सिंड्रेला बहुत उदास हो गई और रोने लगी। तभी उसके सामने एक तेज रोशनी आई, जिसमें से एक परी निकली। परी ने सिंड्रेला को अपने पास बुलाया और कहा, "मेरी प्यारी सिंड्रेला, मैं जानती हूं कि तुम क्यों दुखी हो, लेकिन अब तुम्हारे मुस्कुराने का समय आ गया है। तुम भी उस समारोह का हिस्सा बन पाओगी। इसके लिए मुझे सिर्फ एक कद्दू और पांच चूहों की जरूरत है।"

सिंड्रेला कुछ समझ नहीं पाई, लेकिन फिर भी उसने बिल्कुल वैसा ही किया जैसा परी ने कहा। वह दौड़ती हुई किचन में गई और एक बड़ा-सा कद्दू उठा लाई। उसके बाद वह स्टोर रूम में गई और अपने मित्र चूहों को ले आई। सब कुछ मिल जाने के बाद परी ने अपनी जादुई छड़ी को घुमाया और कद्दू को एक बग्गी में बदल दिया। फिर वह चूहों की तरफ मुड़ी। उसने चार चूहों को खूबसूरत सफेद घोड़ों और एक चूहे को बग्गी चलाने वाला बना दिया।

यह सब देखकर सिंड्रेला को अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। इससे पहले कि वह कुछ पूछ पाती, परी ने अपनी छड़ी घुमाई और सिंड्रेला को एक खूबसूरत राजकुमारी की तरह सजा दिया। उसके शरीर पर एक बहुत सुंदर गाउन था और पैरों में चमचमाते जूते। वह समारोह में जाने के लिए पूरी तरह तैयार थी और इस खुशी से वह फूली नहीं समा रही थी।

परी ने सिंड्रेला से कहा, "अब तुम समारोह में जाने के लिए पूरी तरह तैयार हो, लेकिन ध्यान रखना रात को 12 बजे से पहले तुम्हें घर पहुंचना होगा, क्योंकि 12 बजे के बाद जादू का असर खत्म हो जाएगा और तुम अपने असली रूप में आ जाओगी।" सिंड्रेला ने परी को धन्यवाद कहा और बग्गी में बैठ कर महल की ओर निकल पड़ी।

जैसे ही सिंड्रेला महल पहुंची सबकी नजर उस पर आ टिकी। उसकी सौतेली मां और बहने भी वहीं थीं, लेकिन वह इतनी खूबसूरत लग रही थी कि वे तीनों भी उसे पहचान नहीं पाए। तभी सिंड्रेला ने देखा कि राजकुमार सीढ़ियों से उतरते हुए नीचे आ रहे हैं। सब लोग उनकी तरफ देखने लगे। जैसे ही राजकुमार की नजर सिंड्रेला पर पड़ी, वे उसे देखते ही रह गए। समारोह में मौजूद सभी राजकुमारियों के पास न जाकर, राजकुमार सीधे सिंड्रेला के पास आए और अपना हाथ उसकी ओर बढ़ाते हुए कहा कि राजकुमारी, क्या आप मेरे साथ डांस करना पसंद करेंगी? सिंड्रेला ने शर्माते हुए अपना हाथ राजकुमार के हाथ में दे दिया और दोनों डांस करने लगे।

सिंड्रेला राजकुमार के साथ डांस करते-करते इतना खो गई कि उसे समय का ध्यान ही नहीं रहा। तभी अचानक उसकी नजर दीवार पर लगी घड़ी पर गई। 12 बजने वाले थे और सिंड्रेला को परी की बात याद आ गई। परी की चेतावनी याद आते ही, वह घबरा गई और राजकुमार को वहीं छोड़ कर भाग गई। सिंड्रेला को इस तरह अचानक भागता देख, राजकुमार उसके पीछे-पीछे दौड़े। हड़बड़ी में दौड़ने की वजह से सिंड्रेला का एक जूता निकल गया और महल के बाग में ही छूट गया। वह फटाफट अपनी बग्गी में बैठी और घर को लौट गई। जब उसे ढूंढते हुए राजकुमार बाहर आए, तो उन्हें बाग में सिंड्रेला का जूता मिला। यह देखकर राजकुमार दुखी हो गए और सोचा कि वह सिंड्रेला को ढूंढकर ही रहेंगे।

अगले दिन राजकुमार ने अपने सिपाहियों को बुलाया और उन्हें जूता थमाते हुए कहा कि शहर के हर घर में जाओ और समारोह में आई हर लड़की को यह जूता पहना कर देखो। जिसके भी पैर में यह जूता आ जाए, उसे यहां ले आओ। सिपाहियों ने बिल्कुल ऐसा ही किया। वे शहर के हर घर में गए और समारोह में आई हर लड़की को जूता पहना कर देखा। किसी को जूता छोटा पड़ रहा था और किसी को बड़ा। सारा शहर घूमने के बाद, आखिर में सिपाही सिंड्रेला के घर पहुंचे। जैसे ही सिंड्रेला ने सिपाहियों को देखा, तो वह समझ गई कि ये राजकुमार के कहने पर आए हैं और वह खुशी से दरवाजे की तरफ दौड़ी।

उसी समय उसकी सौतेली मां ने उसका रास्ता रोक लिया। सौतेली मां ने सिंड्रेला से पूछा, तुम कहां चली? सिपाही उस लड़की के लिए आए हैं, जो कल रात समारोह में थी। तुम तो कल आई ही नहीं थी, तो तुम नीचे जाकर क्या करोगी? ऐसा कह कर उन्होंने सिंड्रेला को स्टोर रूम में बंद कर दिया और चाबी अपनी जेब में रख ली।

जब सिपाही जूता लेकर घर में आए तो उसकी दोनों बहनों ने उस जूते को पहनने की कोशिश की, लेकिन वो दोनों नाकाम रहीं। वहीं, निराश होकर सिंड्रेला रोने लगी। उसे रोता देख, उसके चूहे मित्र को एक उपाय सूझा। दरवाजे के नीचे से निकल कर वह दौड़ते हुए नीचे गया और चुपके से सौतेली मां की जेब से चाबी निकाल लाया और सिंड्रेला को दे दी। चाबी मिलते ही सिंड्रेला ने दरवाजा खोला और दौड़ती हुई नीचे गई।

सिपाही महल की ओर लौट ही रहे थे कि तभी उन्हें सिंड्रेला की आवाज आई, "मुझे भी जूता पहन कर देखना है।" यह सुनकर सौतेली मां और बहने हंसने लगीं, लेकिन सिपाही ने सिंड्रेला को भी जूता पहनने का मौका दिया। जैसे ही उसने पैर जूते में डाला, वह आसानी से उसके पैर में आ गया। यह देख कर सभी चौंक गए और सिपाही ने सिंड्रेला से पूछा, "क्या यह जूता आपका है?" इस पर सिंड्रेला ने हां में अपना सिर हिलाया।

सिपाही सिंड्रेला को बग्गी में बिठा कर महल ले गए, जहां उसे देखकर राजकुमार बहुत खुश हुए। उन्होंने सिंड्रेला के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे उसने प्रसन्नता से स्वीकार कर लिया। राजकुमार और सिंड्रेला की शादी हो गई और वो हमेशा खुशी-खुशी महल में रहने लगे।

### कहानी से सीख

हमें बुरे वक्त में भी उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। अच्छी सोच रखने वालों के लिए कोई-न-कोई रास्ता निकल ही आता है।

Kerala

# महिला खिलाड़ी के साथ 2 साल तक बलात्कार, कोच समेत 60 से अधिक लोगों पर आरोप, 6 गिरफ्तार

**पथानामथिट्टा, (एजेंसी)** केरल के पथानामथिट्टा में 2 साल के दौरान एक लड़की से कई बार बलात्कार का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसे लेकर 4 एफआईआर दर्ज की हैं और 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में 60 से अधिक लोगों के शामिल होने का संदेह है। पुलिस के हवाले से बताया गया कि पीड़िता दो महीने पहले ही 18 साल की हुई है। आरोप है कि 16 साल की उम्र से ही उसके साथ कई बार बलात्कार किया गया। यह मामला उस वक्त सामने आया जब बाल कल्याण समिति की ओर से काउंसलिंग की जा रही थी। शैक्षणिक संस्थान में पीड़िता के टीचर्स की ओर से शिकायत की गई



थी कि उसके व्यवहार में बदलाव आ रहा है।

पथानामथिट्टा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव ने बताया कि किशोरी ने स्कूल काउंसलिंग सेशन के दौरान यौन शोषण के बारे में बताया। इसके बाद बाल कल्याण समिति की ओर से पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। लड़की एक खिलाड़ी है जिसके साथ पथानामथिट्टा में खेल शिविरों सहित कई स्थानों पर कोचों, सहपाठियों और स्थानीय निवासियों ने दुर्व्यवहार किया था। रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया कि पीड़िता के पास अपना फोन नहीं है। उसने अपने पिता के मोबाइल में करीब 40 लोगों के नंबर सेव किए थे, जिन्होंने उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

New Delhi

## सावधान! कड़ाके की ठंड में होने वाली है बारिश, दिल्ली-एनसीआर समेत इन इलाकों में अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ठंड का सितम लगातार जारी है। शनिवार सुबह भी उत्तर भारत के तमाम इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। कड़ाके की ठंडी से अभी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर तो मौसम विभाग ने चेतावनी जारी है। इसने गरज के साथ हल्की बारिश और बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। ऐसे में सर्दी का प्रकोप और ज्यादा बढ़ सकता है। ठंडी हवाएं पहले से कहीं अधिक गलन पैदा कर सकती हैं। विभाग ने कहा कि शनिवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 15 और 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। हालांकि, आज दोपहर में हल्की धूप खिल सकती है जो काफी हद तक राहत वाली खबर है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसीत हो रहा है, जो अब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास बना हुआ है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान और 12 से 14 जनवरी तक दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में 13 जनवरी को अलग-अलग हिस्सों पर तूफान या फिर गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सात दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में मौसम शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। 11, 15 और 16 जनवरी को दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में भी यही स्थिति बनी रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि गुरुवार देर रात रायलसीमा के मैदानी इलाके कलिंगपट्टनम में सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

Bihar

## कानूनी लपेटे में फंसे प्रशांत किशोर, BPSC ने भेजा नोटिस, 7 दिन में करप्शन का आरोप साबित करने को कहा

**पटना, (एजेंसी)** बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) विवाद को लेकर जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर एक और कानूनी पचड़े में फंसते नजर आ रहे हैं. 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को लेकर प्रशांत किशोर ने जो आयोग पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे उसको लेकर अब आयोग की तरफ से प्रशांत किशोर को कानूनी नोटिस भेजा गया है. बीपीएससी परीक्षा में कथित धांधली को लेकर प्रशांत किशोर जब पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे थे तो उसे दौरान उन्होंने आयोग पर पैसे लेकर सीट पहले ही भेज देने का आरोप लगाया था. प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया था कि आयोग ने बीपीएससी की सीटों का सौदा 30 लाख से लेकर 1.5 करोड़ तक में कर दिया है और इसी कारण से आयोग परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा नहीं करवाना चाहता है. अब BPSC ने प्रशांत किशोर को कानूनी नोटिस भेजा. नोटिस में कहा गया है कि प्रशांत किशोर 7 दिनों के अंदर अपने द्वारा लगाया गया आरोप को सिद्ध करें अन्यथा उनके खिलाफ आयोग कानूनी कार्रवाई करेगा.

Pujab

## लुधियाना से AAP विधायक गुरप्रीत गोगी की गोली लगने से मौत, देर रात साफ कर रहे थे पिस्टल

**पंजाब।** लुधियाना पश्चिम से आम आदमी पार्टी (AAP) विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की शुक्रवार देर रात गोली लगने से मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में डीएमसी अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। विधायक गोगी एक समारोह में हिस्सा लेकर घर लौटे थे और अपने कमरे में खाना खा रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। उनकी पत्नी डॉ. सुखचैन कौर गोगी कमरे में पहुंचीं तो गोगी लहूलुहान हालत में पड़े थे। उन्हें तुरंत लुधियाना के डीएमसी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उन्हें अपने ही लाइसेंसी पिस्टल से गोली लगी है।

घटना की जानकारी मिलते ही लुधियाना कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर कुलदीप चाहल डीएमसी अस्पताल पहुंचे। डीसीपी शुभम अग्रवाल,एडीसीपी रमनदीप भुल्लर, एसीपी



अकर्शी जैन भी मौके पर पहुंची। डीएमसी के आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात थे।

अभी गोली चलने के कारणों की पुलिस की तरफ से आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन सूत्रों का कहना है की वह अपना लाइसेंसी रिवॉल्वर साफ कर रहे थे कि अचानक गोली चल गई। पता चलते ही पुलिस कमिश्नर आप विधायक व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खेल

# पहले वनडे में भारत की आयरलैंड पर छह विकेट से जीत, प्रतिका और तेजल ने जड़े अर्धशतक

**राजकोट।** भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को पहले वनडे में छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। शुक्रवार को राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान टीम ने 50 ओवर में सात विकेट पर 238 रन बनाए। उनके लिए कप्तान गेबी लेविस ने 92 और ली पॉल ने 59 रन बनाए। जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए प्रतिका रावल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 89 रनों की दमदार पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। इसके अलावा तेजल हसबनिस ने 53 रनों की नाबाद पारी खेलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्मृति मंधाना (41 रन) ने वेस्टइंडीज सीरीज की शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तेजी से रन जुटाए। इस दौरान वह वनडे में



4,000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय और कुल 15वीं खिलाड़ी बन गईं। मंधाना ने आयरलैंड की गेंदबाजों के खिलाफ विकेट के दोनों ओर शॉट लगाए और वेस्टइंडीज सीरीज में पदार्पण करने वाली प्रतिका ने उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने चार मैच में पारी का आगाज करते हुए तीसरी अर्धशतकीय साझेदारी की। हालांकि, आयरलैंड ने पावरप्ले के अंत में मंधाना को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। मंधाना मिड ऑन पर स्लॉग स्वीप को टाइम नहीं कर सकीं और अपने अर्धशतक से नौ रन से चूक गईं। हरलीन देओल (20) और जेमिमा रोड्रिग्स (09) शुरू में अच्छी फॉर्म में लग रही थीं लेकिन आयरलैंड की बायें हाथ की स्पिनर ऐमी मैगुएर का शिकार हो गईं। इस तरह भारत ने 46 रन में तीन विकेट गंवा दिये। लेकिन मंधाना की आक्रामक पारी से टीम अच्छी स्थिति में बनी रहीं। आयरलैंड की 18 साल की मैगुएरे ने आठ ओवर में 57 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। लेकिन आयरलैंड का कम अनुभव उनके लिए नुकसानदायक रहा क्योंकि टीम ने अतिरिक्त से 21 रन गंवाए। डेलाने उनकी गेंदबाजी इकाई की कमजोर कड़ी रहीं जिन्होंने 24वें ओवर में लगातार दो नो बॉल फेंकी और तेजल ने इन दो मौकों पर लगातार चौके जड़े। इससे पहले आयरलैंड ने भारतीय टीम के लचर फील्डिंग का फायदा उठाते हुए कप्तान गैबी लुईस की 92 रन की शानदार पारी और उनकी लियाह पॉल (59 रन) के साथ 117 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 238 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम 14वें ओवर में 56 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन लुईस (129 गेंद, 15 चौके) और लियाह के बीच पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की मदद से टीम अच्छा स्कोर बनाने में कामयाब रही। तीन कैच छूटने और कुछ बेकार क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए लुईस और लियाह की जोड़ी ने भारत के खिलाफ टीम की पहली शतकीय साझेदारी बनाई।

सिनेमा

## 'गेम चेंजर' के आगे क्या रहा 'फतेह' का हाल, पहले दिन कर डाली इतनी कमाई



नेशनल हीरो सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' के रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार था। सोनू के निर्देशन में बनी 'फतेह' ने शुक्रवार यानी 10 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इस फिल्म में सोनू ने एक बार फिर से अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया है। सोनू के अवाला इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, नसीरुद्दीन शाह भी अहम किरदार में नजर आए हैं। ऐसे में अब 'फतेह' के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ चुके हैं। तो चलिए जानते हैं सोनू की फिल्म ने ओपनिंग डे पर कितनी कमाई की। सोनू सूद ने करीब दो साल बाद 'फतेह' के साथ पर्दे पर वापसी की है। वो आखिरी बार साल 2022 में फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' में नजर आए थे। इस मूवी में सोनू के साथ एक्टर अक्षय कुमार भी लीड रोल में थे। ऐसे में हर किसी को सोनू की वापसी का बेसब्री से इंतजार था। ओपनिंग डे पर सोनू ने अपने फैंस को एक खास तोहफा दिया। उन्होंने अपनी फिल्म 'फतेह' की टिकट 99 रुपये रखी। इसका फिल्म को फायदा भी मिला। अब 'फतेह' के शुक्रवार के आंकड़े सामने आ गए हैं। Sacnilk की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार, सोनू की 'फतेह' ने पहले दिन यानी शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर 2.45 करोड़ का बिजनेस किया है।

## Highlights

1. Ayodhya sees huge devotee turnout on Ram Temple's 1st anniversary
2. 40 trains delayed as dense fog reduces visibility in Delhi-NCR
3. Top police officer tells teenage girls how to produce 'ojaswi' babies in MP; criticised
4. Ram Mandir shares 1st pic of Ram Lalla idol on 1st anniversary of 'Pran

# SpiceJet plans to bring 10 grounded aircraft back in service by mid April

**NEW DElHI, (Agency).** Domestic airline SpiceJet announced on Friday that it plans to return 10 grounded aircraft, including four Boeing B737 Max, to service by mid-April, news agency PTI reported.

Since October 2024, the airline has expanded its fleet by 10 aircraft—three previously grounded planes that were reactivated and seven newly leased ones.

This decision follows SpiceJet's recent agreement with US-based engine maintenance company StandardAero Inc to restore its grounded MAX fleet.

"Our plan to bring 10 aircraft back into service by mid-April is a reflection of SpiceJet's unwavering commitment to its growth and operational excellence. SpiceJet is on a strong path to recovery and growth, and we remain focused on providing reliable and affordable air travel to millions of Indians," Ajay Singh, Chairman and Managing Director of SpiceJet, told the Economic Times.




How many aircraft are in operation?

As of January 10, SpiceJet has 28 aircraft in operation out of its total fleet of 62, according to the flight tracking website Planespotter.com. The operational fleet includes 20 Boeing B737s, six De Havilland Canada DHC-8 Dash 8s, and two Airbus A320s. The remaining 34 planes—16 B737s and 18 DHC-8 Dash 8s—are grounded for various reasons, as per the website. According to PTI, SpiceJet said that bringing 10 grounded aircraft back into service will significantly boost its current operational fleet.

# Foxconn stops sending Chinese workers to India iPhone factories: Report

**Mumbai, (Agency).** Foxconn, a key Apple manufacturing partner, has halted new worker rotations for Chinese workers to its factories in India and started sending in Taiwanese workers instead, Rest of World reported quoting sources.

The shipments of critical manufacturing equipment that were meant to reach India have also been delayed, the publication stated.

The disruption is expected to have a significant impact on Foxconn's operations in India and can potentially hinder Apple's plans to diversify iPhone production away from China.




The delays primarily affect Foxconn's iPhone assembly plants in Tamil Nadu and Karnataka.

"Currently, the equipment and manpower are not allowed to go over [to India]," one of the sources told Rest of World. "And India doesn't have the technology to produce the equipment."

Notably, Apple shifted production of some of its most advanced iPhone models to India in 2019 due to disruptions in factory operations caused by China's zero-Covid policies.

Foxconn started manufacturing iPhones at its plant in Tamil Nadu in 2019, initially focusing on older models. However, production in India continues to depend on Chinese workers, a small number of Taiwanese expatriates, and specialised machinery sourced from China.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक